प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

आईआईटी आईएसएम धनबाद के पेनमैन ऑडिटोरियम में बीसीसीएल के सीएसआर पहल के तहत "अंडरप्रिविलेज्ड और प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन छात्रों के लिए STEM शिक्षा" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बीसीसीएल क्षेत्र के जरूरतमंद और परियोजना प्रभावित छात्रों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल और वैज्ञानिक शिक्षा बेहद जरूरी हो गई है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी समझ विकसित करने में सहायक साबित होंगे।

****

रांची पुलिस ने एक बड़े अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के सरगना अमृत होरो को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस दल ने उसे गिरफ्तार किया। अमृत होरो रांची, खूंटी और आसपास के जिलों में जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल था। पुलिस अन्य उग्रवादियों और संगठन के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने के लिए अमृत होरो से पूछताछ कर रही है।

****

गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़कियों से जबरन देह व्यापार कराने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने छापेमारी कर दो नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया, जबकि एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि बोड़ो इलाके में नाबालिग लड़कियों को डरा–धमकाकर और मारपीट कर देह व्यापार कराया जा रहा था।

****

धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद में बीती रात अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी की खबर है। देर रात हुई अंधाधुंध फायरिंग में दोनों पक्षों के तीन लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर किया गया है। वहीं दूसरे व्यक्ति का इलाज निचितपुर स्थित एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की जा रही है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

****

राज्यभर में शांतिपूर्ण ढंग से बकरीद मनाया जा रहा है। इस्लाम धर्म के मानने वालों ने सुबह ईद–उल–अजहा की नमाज अदा की। इधर, जमशेदपुर में भी बकरीद, ईद–उल–अजहा धार्मिक आस्था और भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। बकरीद अल्लाह के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। आज जमशेदपुर के धतकीडीह समेत विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। मौके पर उपस्थित नमाजी ने बताया कि पूरे देश में अमन– शांति की दुआ की है।

****

जामताड़ा के दुमका रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास आज एक स्कूटी पर सवार तीन युवक डंपर की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल युवकों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने जामताड़ा– दुमका सड़क मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध कर दिया है।

****

झारखंड स्टेट ओलंपियाड–2025 में सरायकेला–खरसावां जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी), रांची के निदेशक शशि रंजन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य स्तरीय मेधा सूची में जिले के पांच विद्यार्थियों ने स्थान

बनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

****

भारतीय टीम कल से 6 जून तक जापान के काकामिघारा में शुरू होने वाले अंडर–18 एशिया कप हॉकी 2026 में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुरुषों के वर्ग में भारत को पूल ए में रखा गया है, पूल ए में मेजबान जापान, कोरिया, चीनी ताइपे और कजाकिस्तान की टीमें शामिल हैं। भारत 29 मई को कजाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इसके बाद 31 मई को जापान, पहली जून को कोरिया और 3 जून को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे।

********समाप्त********